www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-174 | सागवाड़ा, शनिवार,26 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सागवाड़ा का हमेशा मान और सम्मान रखा

**सागवाड़ा।** बजट घोषणा में सागवाड़ा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से दी गई सौगातें को लेकर शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री और जिला कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया का नागरिक अभिनंदन और सम्मान किया गया। पंचायत समिति परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में दिनेश खोडनिया ने कहां कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सागवाड़ा का हमेशा मान और सम्मान रखा है। हर बजट में सागवाड़ा को कुछ न कुछ मिला है। ये सम्मान मेरा नहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का है जिन्होंने वागड़ के विकास के लिए कई घोषणाएं की है। खोडनिया ने कहां कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश का ऐतिहासिक बजट पेश किया। मेरे पास कोई पद नही है फिर भी वागड़ को भी कई सौगातें मिली है। क्षेत्र की जनता ने सागवाड़ा में कांग्रेस का बोर्ड बनाया। इसी ऐहसान का कर्ज चुका रहा हूं। सीएम गहलोत का मुझ पर आशीर्वाद है। इसी पहचान का फायदा क्षेत्र को दिला पा रहा हूं। डेढ़ साल बाद विधानसभा का चुनाव है आने वाले चुनाव में यहां से कांग्रेस का विधायक बनाना होगा। खोडनिया ने कहां कि क्षेत्र में थाने खुल रहे है, पानी के लिये पैसा दिया गया। हर गांव पेयजल योजना से जुड़ गया है। वागड़ के लिए ट्यूरिज्म पोलिसी बन रही है। कड़ाणा बेक वाटर, माही डेम जैसे क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री से मांग की है कि टीएसपी क्षेत्र में इसके लिए विशेष सब्सिडी दी जाए।

## दिनेश खोडनिया का नागरिक अभिनंदन और सम्मान

सागवाड़ा में किसी भूमाफिया को जमीन नही हड़पने दी जाएगी और किसी गरीब को नगर पालिका परेशान नही करेगी। इससे पूर्व दिनेश खोडनिया का वरदा, टामटिया, गुलाबपुरा मोड, गोवाड़ी, मडकोला और पुनर्वास कालोनी में स्वागत किया। स्वातग उद्बोधन देते हुए पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने कहां कि बजट में हर तबके का ध्यान रखा गया। वागड़ के कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को जो सुझाव दिये उसकी बजट में घोषणा की। कार्यक्रम में असरार अहमद, प्रियकांत पंड्या, महेंद्र बरजोड़, रतनलाल पाटीदार, भरत भट्ट, करण सिंह, कृष्ण राज सिंह, भरत नागदा, चंद्रशेखर संघवी, प्रद्युम्न सारगिया, मानव गुप्ता, गौरव यादव अंशुमान पंचाल मौजूद रहे।

## कर्मचारी संगठन और ग्रामीणों ने भी किया अभिनंदन

सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम को पुन: शुरु कर दिया है। जिसके चलते शिक्षक संगठनों के अलावा विभिन्न कर्मचारी संगठन भी खोडनिया का सम्मान किया। कर्मचारी संगठनों की ओर से डायालाल पाटीदार ने सरकार का आभार व्यक्त किया। सरोदा में थाने की घोषणा पर ग्रामीणों की ओर से स्वातग किया गया।

## शहरी विकास के लिए जताया आभार

सागवाड़ा शहर के विकास को लेकर की गई घोषणाएं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा और पार्षदों के साथ शहर के प्रबुद्धजनों ने भी दिनेश खोडनिया का सम्मान कर आभार जताया।

# अनुजा वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद डूंगरपुर पहुंचे डॉ शंकर यादव का सम्मान

## मोतली मोड़ से डूंगरपुर शहर तक हुआ जगह-जगह स्वागत

**डूंगरपुर।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ शंकर यादव के अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का अध्यक्ष पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार आज डूंगरपुर पहुंचे। डूंगरपुर पहुंचने पर मोतली मोड़ से लेकर डूंगरपुर शहर तक जगह-जगह यादव का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

अनुजा वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद शंकर यादव का डूंगरपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

जिले की सीमा मोतली मोड़ पर निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा और पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और मेघवाल समाज के प्रतिनिधियों ने शंकर यादव का भव्य स्वागत किया इसके बाद डॉ यादव को वाहन रैली के रूप में डूंगरपुर लाया गया इस बीच मार्ग में भी पाल बड़ा, देवल, रामपुर, वाग्दरी सहित कई गांवों में लोगों ने डॉक्टर यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। डूंगरपुर पहुंचने पर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में डॉ यादव का



अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ यादव ने कहां की गहलोत सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे सारथी सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ में पूरे प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा की गहलोत सरकार ने अनुसूचित जाति के लिए 125 से ज्यादा सरकारी योजनाए चला रखी है लेकिन कई बार कुछ कमियों की वजह से पात्र लोगो को भटकना पड़ता है या फिर वो योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते है। यादव ने कहा कि वे प्रत्येक जिले में जाकर अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करेंगे और इस प्रकार कमियों को दूर कर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगो को लाभान्वित करने का काम करेंगे। इसके अलावा अनुचुचित जाति के योवाओ को उच्च शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए सहायता दिलाने के साथ उन्हें रोजगार से जोड़ने के प्रयास भी किये जाएँगे।

# नौनिहालों को पिलाई जायेगी जिन्दगी की दो बूंद

## पोलियो जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

**डूंगरपुर।** जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल 27 फ़रवरी को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का प्रथम चरण शुरू होगा। अभियान के तहत 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो कि प्रतिरक्षक खुराक पिलाई जाएगी।

इधर पोलियो जागरूकता को लेकर आज शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। डूंगरपुर जिले में कल शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण के तहत आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को शहर की गेप सागर झील की पाल से नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ और जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकार रवाना किया। रैली गेप सागर की पाल से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी वही सीएमएचओ ऑफिस जाकर सम्पन्न हुई।

इधर रैली के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरवासियों को पोलियो के प्रति जागरूक किया गया। इधर इस मौके पर डूंगरपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो कार्यक्रम के लिए समस्त तैयारी कर ली गई है,व सबंधिंत स्ट्राफ को अपने क्षेत्र मे शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने एवं लक्षित बच्चों को दवा पिलानी के लिए भी पाबंद कर दिया गया है।

## तीन जुआरियों को पत्ते खेलते हुए पकड़ा

**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि शुक्रवार देर रात को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीठ कस्बे में पीठ बाईपास के आगे खेतों में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर एएसआई प्रवीण सिंह, हैड कांस्टेबल विद्याशंकर व जीतमल ने मौके पर दबिश दी जहां पर तीन जने ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मिले। पुलिस ने आरपीजीओ एक्ट में कार्रवाई करते हुए सीमलवाड़ा निवासी इलियास पुत्र मजीद साबलिया, पीठ निवासी मुस्तफा पुत्र हबीब मेघरजा एवं सकू पुत्र मोतीलाल रोत निवासी पीठ को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 6720 रुपए भी जब्त किए हैं।

# राष्ट्रसेविका समिति की संगोष्ठी, स्वराज-75 संगोष्ठी हुई

**सागवाड़ा।** विद्यानगर महाविद्यालय पंचवटी में भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के तहत देशभर में चल रहे अमृत महोत्सव के दौरान शनिवार को राष्ट्रसेविका समिति की ओर से स्वराज-75 संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता नगर संघचालक उमाकांत व्यास ने युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करते हुए कहा कि स्वराज किसी विचार के विरोध में प्रतिक्रिया नहीं बल्कि स्वदेश के प्रति श्रद्धा, समर्पण व संस्कार जागृत करना है। स्वराज हमारे राष्ट्र का मूल मंत्र है। स्वराज केवल शासन व्यवस्था का हस्तांतरण नहीं, यह भारतीय संस्कृति और दर्शन का ध्येय है। देश के अनाम शहीदों की समर्पण गाथा का नाम स्वराज है। उन्होंने कहा कि मेकाले तथा विदेशी इतिहासकारों ने भारत के मूल इतिहास को पीछे करते हुए कुछ इसे लोगों तक सीमित कर दिया। आज हमें हमारे महापुरुषों व पुण्यभूमि भारत का स्मरण करते हुए स्वराज को पुर्नस्थापित करना है। आज देश के लिए जीने की आवश्यकता है, हमें हमारे महापुरुषों, बलिदानियों व शहीदों को आदर्श बनाकर विश्वपटल पर भारतीय स्वराज के दर्शन को स्थापित करना है। इस दौरान प्राध्यापक मुकेश पाटीदार, लोकेश पाटीदार, कमलेश राव, निशा भट्ट, मयूरी चौहान, रीया दर्जी, जतीन उपाध्याय, गौरव मेहता, लोकेंद्रसिंह, धर्मिष्ठा, आदर्श भट्ट, संजय उपाध्याय, दीपक भट्ट, प्रवीण मौजूद थे। संचालन राष्ट्रसेविका समिति की जिला कार्यवाहिका तृप्ति भावसार ने किया। उत्तम व्यास ने आभार व्यक्त किया।

# कडाणा की जमीन को यथावत रखने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सागवाड़ा।** सरकार के बजट घोषणा पत्र 2022 में कडाणा की 76 बीघा जमीन को नगरपालिका को नि:शुल्क हस्तांतरित कर दिया गया है। ज्ञापन सौंपकर कडाणा की भूमि का हस्तांतरण निरस्त करने की मांग की है। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि कडाणा विभाग की 76 बीघा भूमि सागवाड़ा नगरपालिका को सौंपने के निर्णय से स्थानिय निवासियों को प्रताडित होना पड़ रहा है। राजस्थान सरकार ने इस निर्णय से गरीब जनता के साथ अन्याय किया है। उक्त भूमि सदियों से आदिवासियों सहित गरीब खातेदारों की रही है। यह समुदाय शिक्षा व आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ रहा है। जिसके अभाव में कई लोग अपनी जमीन को सरकारी रिकार्ड में दर्ज नहीं करवा सके है। भू-माफियाओं की ओर से उन्हें बहला फूसला कर जमीन अपने नाम कर दी है तथा कई जमीनों के फर्जी पट्टे बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। कडाणा विभाग की तरफ से अपनी मनमर्जी से विभागीय अधिकारियों तथा प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम फर्जी पट्टे बनाकर षडयंत्र पूर्वक तरिके से खातेदारों को अपनी मालिकाना जमीन से बेदखल किया जा रहा है। जिसका समस्त आदिवासी सहित गरीब खातेदार विरोध करते है। ज्ञापन में बताया कि डूंगरपूर जिला पांचवी अनुसूची आर्टिकल 244 (1) अनुसुची क्षेत्र है इसमें संविधान के भाग 9 में 243(5,c) के तहत नगरपालिका व नगरपरिषद गैर कानुनी व अवैध है जिन्हे सिरे से खत्म कर पंचायत्त क्षेत्र घोषित किया जाए। उक्त नियम को देखते हुए नगरपालिका क्षेत्र के आसपास की पंचायतों को पैराफेरी से मुक्त करते हुए कडाणा की जमीन को खाताधारक के नाम वापस आवंटित की जाए।

# लूट की वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

## बैंक ऑफ बड़ौदा बनकोड़ा में 1 लाख रुपए से ज्यादा रुपए की लूट का मामला, 60 से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज खंगाले

**आसपुर।** दोवडा थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा बनकोड़ा में 1 लाख रुपए से ज्यादा रुपए की लूटपाट की वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। पुलिस ने 60 से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज खंगाले है। जिसमें कई कैमरो में लूटेरे नजर आ रहे है। वहीं पुलिस की 5 टीमें लूटेरों को ढूंढने में जुटी है। डूंगरपुर जिले के आसपुर पुलिस उपाधीक्षक नोपाराम भागर ने बताया कि कल शुक्रवार को बीओबी बनकोडा में लूट की वारदात हुई थी। बाइक लेकर आए 3 नकाबपोश बदमाश बैंक में घूसे थे । पिस्तौल दिखाकर बैंक से 1 लाख 18 हजार 956 रुपए लूट ले गए थे । 3 मिनट में हुई लूट की वारदात के बाद जाते हुए लूटेरों ने फिल्मी स्टाइल में रुपए भी उड़ाये। लोग रुपए लूटने लगे और बदमाश भाग गए थे । वारदात के बाद से एएसपी अनिल मीणा, डीएसपी नोपाराम, दोवड़ा एसएचओ कमलेश चौधरी समेत कई पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी फूटेज खंगाले। पुलिस उपाधीक्षक नोपाराम भागर ने बताया की बनकोड़ा से लेकर लुटेरों के भागने के रास्ते पर 60 से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज देखे है। कई जगह कैमरों में लूटेरे बाइक पर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया की गलियाना तक बदमाशो की लोकेशन मिली है। आगे बदमाशो के लोकेशन देख रहे है। जिसमें भी जगह लुटेरों ने नजर आने पर कड़ी जोड़ने के प्रयास किया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक नोपाराम भागर ने यह भी बताया की लूटेरों को पकड़ने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर पुलिस की 5 टीमें बनाई गई है।सभी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है वही गाँव-गाँव जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है लेकिन अभी तक बदमाशो का कोई सुराग नहीं लगा है। उन्होंने बताया की बदमाशो की सीसीटीवी फुटेज व उनकी फोटो को डूंगरपुर जिले के सभी थानों के साथ पडोसी जिले बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर में भी भिजवाये गए है। आसपुर पुलिस उपाधीक्षक नोपाराम भागर ने बताया की इन प्रयासों के अलावा जिले की साइबर टीम का सहयोग लेते हुए भी बदमाशो की तलाश की जा रही है और जल्द ही अभी बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# पीठ में झोलाछाप के क्लिनिक पर सीएमएचओ की छापेमार कार्रवाई

## क्लिनिक में भर्ती मिले मरीज और भारी मात्रा में दवाइयां

**सीमलवाड़ा।** धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक झोलाछाप के निजी क्लीनिक पर छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस से साथ की गई कार्रवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम को क्लिनिक पर भारी मात्रा में दवाइयां और कई मरीज भर्ती मिले है। डूंगरपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया की सीमलवाड़ा ब्लॉक के पीठ में एक झोलाछाप क्लिनिक चलने की शिकायत मिली थी। जिस पर उनके नेतृत्व में धम्बोला थाना पुलिस को साथ लेकर पीठ कस्बे में झोलाछाप डॉक्टर इमरान एम पटेल के क्लिनिक पर दबिश दी गई। जब टीम क्लिनिक में पहुंची तो देखा की क्लिनिक में मरीजों के इलाज के नाम पर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। क्लिनिक में रखे हुए बेडो पर कई मरीज भर्ती थे। वही खुद को डॉक्टर बताने वाला इमरान पटेल भी मौके पर मौजूद था। वही जब सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने इमरान पटेल से उनकी डिग्री मांगी तो झोलाछाप इमरान पटेल किसी तरह की डिग्री नहीं बता सका। इधर कारवाई होते ही क्लिनिक के दूसरे कर्मचारी मौके से भाग गए। वही इस दौरान जब स्वास्थ्य विभाग ने क्लिनिक की छानबीन की तो अंदर की तरफ मरीजों को भर्ती करने के बेड लगे हुए थे। उसके नीचे की तरफ तहखाने में मेडिकल स्टोर चल रहा था, जिसमे भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां मिली है। वही मेडिकल स्टोर को लेकर कोई लाइसेंस नहीं था। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की अवैध रूप से मेडिकल स्टोर से दवाइयां बेची जा रही थी। इधर

स्वास्थ्य विभाग मेडिकल स्टोर से मिली दवाइयों का रिकॉर्ड तैयार कर रहा है। लोगो ने यह भी बताया की दवाखाने के नाम पर क्लिनिक में लोगो की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा था। फिलहाल मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के रही हैं। वही धम्बोला पुलिस ने झोलाछाप इमरान को अपनी हिरासत में ले लिया है।